Std. 6 HINDI LANG (कारक)

Q. 1 कारक की परिभाषा लिखें।

उत्तर - - वाक्य में संज्ञा या सर्वनाम का क्रिया या अन्य शब्दों के साथ सम्बंध बताने वाले शब्दों को कारक कहते हैं। जैसे - शीला ने पत्र लिखा।

Q. 2. कारक के भेदों की परिभाषा विभक्ति चिह्न व एक - एक उदाहरण के साथ लिखें।

उत्तर - - कारक के आठ भेद होते हैं - -

1. कर्ता कारक - --ने
2. कर्म कारक - - - को
3. करण कारक - - - से (द्वारा)
4. संप्रदान कारक - - के लिए
5. अपादान कारक - - से
6. सम्बंध कारक - - - का, के, की
7. अधिकरण कारक - - में, पर
8. संबोधन कारक - - - हे!, अरे!

1. *कर्ता कारक*----क्रिया करने वाले को कर्ता कारक कहते हैं। जैसे - *शिक्षक ने* पढ़ाया।

2. *कर्म कारक* - - जिस पर क्रिया का फल पड़े, उसे कर्म कारक कहते हैं। जैसे - - गीता *भाई को* बुलाती है।

3. *करण कारक* - - जिससे क्रिया होती है, उसे करण कारक कहते हैं। जैसे - - शिकारी *बंदूक से* शिकार करता है।

4. *संप्रदान कारक* - - जिसके लिए क्रिया की जाती है, उसे संप्रदान कारक कहते हैं। जैसे - *पिताजी के लिए* चाय लाओ।

5. *अपादान कारक* - - जिससे अलग होने का भाव प्रकट हो, उसे अपादान कारक कहते हैं। जैसे - बच्चा *पेड़ से* गिर गया।

6. *सम्बंध कारक*---वाक्य में संज्ञा या सर्वनाम का दूसरे संज्ञा या सर्वनाम से सम्बंध बताने वाले शब्द को सम्बंध कारक कहते हैं। जैसे - - य़ह *राजेश की* पुस्तक है।

7. *अधिकरण कारक*---जिस स्थान पर हम कार्य करते हैं, अर्थात् क्रिया जहाँ पर होती है, उसे अधिकरण कारक कहते हैं। जैसे -पुस्तक *मेज़ पर* रखी है।

8. *संबोधन कारक*--जब किसी को संबोधित किया जाए या पुकारा जाए, उसे संबोधन कारक कहते हैं। जैसे - - *हे ईश्वर!* दया करना।

Q. 2. *वाक्य में काले लिखे शब्दों के कारक भेद लिखें :-*

1. *लता का* घर बहुत पास है। - - सम्बंध कारक

2. लड़की *गेंद से* खेल रही है। :- करण कारक

3. *छत पर* बच्चे बैठे हैं। :- अधिकरण कारक

4. तुमने *सोहन को* पीटा।:- कर्म कारक

5. *अरे!* कैसे गिर गए। :-

संबोधन कारक

6. *माँ के लिए* साड़ी लाओ। :- संप्रदान कारक

7. *शेर ने* दहाड़ा :- कर्ता कारक

8. तुम *बस से* उतर गए :- अपादान कारक

9. *पिताजी* लिखते हैं । :- कर्ता कारक

10. पत्र *मेरे द्वारा* लिखा गया। :- करण कारक

11. वह *दिल्ली से* आ गया। :- अपादान कारक

12. य़ह *मीरा का* घर है। :- सम्बंध कारक

13. मैं *घर में* बैठा हूँ। :-

अघिकरण कारक

14. य़ह *आपके लिए* प्रश्न है। :- संप्रदान  कारक

15. पिताजी *बच्चों को* पढ़ाते हैं। :- कर्म कारक

16. *लड़कों ने* बात की। :- कर्ता कारक

17. रमेश *कविता* लिखता है। :- कर्म कारक

18. माँ *चाकू से* फल काटती है। :-  करण कारक

19. *आपकी* समझ अच्छी है। :-  सम्बंध कारक

20. *पुस्तकालय में* बहुत पुस्तकें हैं। :- अधिकरण कारक

21. *अरे राकेश!* इधर मत खेलो। :- संबोधन कारक

22. मैं *दादाजी केलिए* फल लाया। :- संप्रदान कारक

23. मैं *रिक्शे से* उतर गई। :- अपादान कारक

24. *हे राम!* हम पर दया करना। :- संबोधन कारक